# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 11.8.24 | 2 | 4-6 |

## पर्यावरण स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में पेड़ों की अहम भूमिका : वीसी

भास्कर न्यूज़ | हिसार



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उपरोक्त महाविद्यालय तथा वन मंडल हिसार रेंज द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने अमलतास का पौधा रोपित करके इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि पेड़-पौधों का मानव जीवन में विशेष महत्व है। पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। इनकी सुरक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पेड़ सही मायने में पर्यावरण के सच्चे योद्धा हैं, जो इसे स्वच्छ और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पौधरोपण को एक सामाजिक अभियान के तौर पर लिया जाना चाहिए। उन्होंने पौधरोपण के बाद पौधे की पूर्ण देखभाल करने और सुंदरता के लिए विशेष स्थलों पर विशेष किस्म के पौधे रोपित करने का भी आह्वान किया।

| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |
|---|

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 11.8.24 | 15 | 1-5 |

### हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में किया पौधरोपण

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी : वीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित मत्सय विज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उपरोक्त महाविद्यालय तथा वन मंडल हिसार रेंज की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने शनिवार को इस कार्यक्रम में अमलतास का पौधा रोपित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि पेड़-पौधों का मानव जीवन में विशेष महत्व है। पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। इनकी सुरक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पेड़ सही मायने में पर्यावरण के सच्चे योद्धा है, जो इसे स्वच्छ और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पौधारोपण को एक सामाजिक अभियान के तौर पर लिया जाना चाहिए। उन्होंने पौधरोपण के बाद पौधे की पूर्ण देखभाल करने और सुंदरता के लिए विशेष स्थलों पर विशेष किस्म के पौधे रोपित करने का भी आह्वान किया। वृक्ष हमें न केवल आक्सीजन व छाया देते हैं बल्कि मिट्टी से जहरीले पदार्थों को सोखने, तापमान को नियंत्रित करने की क्षमता होती है।



हिसार। पौधारोपण कार्यक्रम के उपरांत कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व अन्य अधिकारीगण। फोटोः हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

मत्सय विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने कहा कि दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मंदन खीचड़, सम्पदा अधिकारी एवं मुख्य अभियंता डॉ. एमएस सिद्धपुरिया, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, लैंडस्केप इकाई के नियंत्रक अधिकारी डॉ. पवन कुमार, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. रचना गुलाटी, सुपरिटेंडेंट इंजीनियर जीतेन्द्र सिंह, वन मंडल हिसार के रेंज अधिकारी सूर्या सिंह सहित कालेज के विद्यार्थियों ने भी पौधारोपण किया।


# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 11.8.24 | 5 | 1-5 |

# पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में पेड़-पौधों की प्रमुख भूमिका : प्रो. काम्बोज

## मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

हिसार, 10 अगस्त (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित मत्सय विज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उपरोक्त महाविद्यालय तथा वन मंडल हिसार रेंज द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अमलतास का पौधा रोपित करके इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि पेड़-पौधों का मानव जीवन में विशेष महत्व है। पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। इनकी सुरक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।



पौधारोपण कार्यक्रम के उपरांत कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व अन्य अधिकारी।

उन्होंने कहा कि पेड़ सही मायने में पर्यावरण के सच्चे योद्धा है, जो इसे स्वच्छ और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पौधारोपण को एक सामाजिक अभियान के तौर पर लिया जाना चाहिए।

उन्होंने पौधारोपण के बाद पौधे की पूर्ण देखभाल करने और सुंदरता के लिए विशेष स्थलों पर विशेष किस्म के पौधे रोपित करने का भी आह्वान किया। वृक्ष हमें न केवल आक्सीजन व छाया देते हैं बल्कि मिट्टी से जहरीले पदार्थों को सोखने, तापमान को नियंत्रित करने, वायु प्रदुषण व ध्वनि प्रदुषण से बचाने के साथ जैव विविधता बढ़ाने आदि अनेक कार्यों में सहायक हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम अच्छा व स्वच्छ जीवनयापन चाहते हैं तो अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। ऑक्सीजन देने और कार्बन डाइऑक्साइड को सोख लेने के अलावा पेड़ पर्यावरण से अन्य हानिकारक गैसों को भी अवशोषित करते हैं जिससे वायु शुद्ध और ताजा रहती है। मत्सय विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने कहा कि दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़, सम्पदा अधिकारी एवं मुख्य अभियंता डॉ. एमएस सिद्धपुरिया, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, लैंडस्केप इकाई के नियंत्रक अधिकारी डॉ. पवन कुमार, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. रचना गुलाटी, सुपरिटेंडेंट इंजीनियर जीतेन्द्र सिंह, वन मंडल हिसार के रेंज अधिकारी सूर्या सिंह सहित उपरोक्त कालेज के विद्यार्थियों ने भी पौधारोपण किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 11.8.24 | 3 | 7-8 |

## पेड़-पौधों का मानव जीवन में विशेष महत्व : कुलपति



पौधारोपण कार्यक्रम के उपरांत कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज व अन्य अधिकारी।

जासं • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित मत्सय विज्ञान महाविद्यालय में पौधारोपण किया। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने अमलतास का पौधा रोपित किया। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि पेड़-पौधों का मानव जीवन में विशेष महत्व है। मत्सय विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. बीना यादव ने कहा कि दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। इस अवसर पर ओएसडी डा. अतुल ढींगड़ा, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डा. केडी शर्मा आदि मौजूद थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूँ | 11.8.24 | 4 | 4-5 |

# पेड़ सही मायने में पर्यावरण के सच्चे योद्धाः प्रो. काम्बोज



- विवि प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

......हिसार(सच कहूँ न्यूज)।......

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अमलतास का पौधा रोपित करके इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलपति काम्बोज ने कहा कि पेड़-पौधों का मानव जीवन में विशेष महत्व है। पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। इनकी सुरक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पेड़ सही मायने में पर्यावरण के सच्चे योद्धा है, जो इसे स्वच्छ और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने पौधारोपण के बाद पौधे की पूर्ण देखभाल करने और सुंदरता के लिए विशेष स्थलों पर विशेष किस्म के पौधे रोपित करने का भी आह्वान किया। वृक्ष हमें न केवल ऑक्सीजन व छाया देते हैं बल्कि मिट्टी से जहरीले पदार्थों को सोखने, तापमान को नियंत्रित करने, वायु प्रदुषण व ध्वनि प्रदूषण से बचाने के साथ जैव विविधता बढ़ाने आदि अनेक कार्यों में सहायक हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम अच्छा व स्वच्छ जीवनयापन चाहते हैं तो अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 11.8.24 | 4 | 7-8 |

## कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने किया पौधरोपण



**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण में कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने अमलतास का पौध रोपित कर पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़, संपदा अधिकारी डॉ. एमएस सिद्धपुरिया, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, लैंडस्केप इकाई के नियंत्रक अधिकारी डॉ. पवन कुमार, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य आदि उपस्थित रहे। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 11.8.24 | 2 | 5 |

# मत्सय विज्ञान महाविद्यालय में किया पौधारोपण कार्यक्रम

हिसार, 10 अगस्त (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित मत्सय विज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उपरोक्त महाविद्यालय तथा वन मंडल हिसार रेंज द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अमलतास का पौधा रोपित करके इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



कार्यक्रम के उपरांत कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व अन्य अधिकारीगण।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 10.08.2024 | --- | -- |


# 'पेड़-पौधों का मानव जीवन में विशेष महत्व'

## मत्सय विज्ञान महाविद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन



पौधारोपण कार्यक्रम के उपरांत कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व अन्य अधिकारीगण।

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित मत्सय विज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अमलतास का पौधा रोपित करके इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रो. काम्बोज ने कहा कि पेड़-पौधों का मानव जीवन में विशेष महत्व है। पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। इनकी सुरक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पेड़ सही मायने में पर्यावरण के सच्चे योद्धा हैं, जो इसे स्वच्छ और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पौधारोपण को एक सामाजिक अभियान के तौर पर लिया जाना चाहिए।

उन्होंने पौधारोपण के बाद पौधे की पूर्ण देखभाल करने और सुंदरता के लिए विशेष स्थलों पर विशेष किस्म के पौधे रोपित करने का भी आह्वान किया। वृक्ष हमें न केवल आक्सीजन व छाया देते हैं बल्कि मिट्टी से जहरीले पदार्थों को सोखने, तापमान को नियंत्रित करने, वायु प्रदुषण व ध्वनि प्रदुषण से बचाने के साथ जैव विविधता बढ़ाने आदि अनेक कार्यों में सहायक हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम अच्छा व स्वच्छ जीवनयापन चाहते हैं तो अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए।

इस अवसर पर डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. केडी शर्मा, डॉ. मदन खीचड़, डॉ. एमएस सिद्धपुरिया, नवीन जैन, डॉ. पवन कुमार, डॉ. संदीप आर्य, डॉ. रचना गुलाटी, जीतेन्द्र सिंह, सूर्या सिंह सहित उपरोक्त कालेज के विद्यार्थियों ने भी पौधारोपण किया।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक सवेरा | 11.08.2024 | --- | -- |

# पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में पेड़-पौधों की अहम भूमिका : प्रो. काम्बोज

- मत्सय विज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

सवेरा न्यूज/सुरेंद्र सोढी

हिसार, 10 अगस्त : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित मत्सय विज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उपरोक्त महाविद्यालय तथा वन मंडल हिसार रेंज द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अमलतास का पौधा रोपित करके इस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि पेड़-पौधों का मानव जीवन में विशेष महत्व है। पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। इनकी सुरक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पेड़ सही मायने में पर्यावरण के सच्चे योद्धा है, जो इसे स्वच्छ और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पौधारोपण को एक सामाजिक अभियान के तौर पर लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों से हमें एक ओर जहां अनेक प्रकार की इमारती लकड़ी मिलती है वहीं दूसरी ओर पेड़ पौधें विभिन्न प्रकार की औषधियां बनाने में भी काम आते हैं। मत्सय विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने कहा कि दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़, सम्पदा अधिकारी एवं मुख्य अभियंता डॉ. एमएस सिद्धपुरिया, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, लैंडस्केप इकाई के नियंत्रक अधिकारी डॉ. पवन कुमार, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. रचना गुलाटी, सुपरिटेंडेंट इंजीनियर जीतेन्द्र सिंह, वन मंडल हिसार के रेंज अधिकारी सूर्या सिंह सहित उपरोक्त कालेज के विद्यार्थियों ने भी पौधारोपण किया।



पौधारोपण कार्यक्रम के उपरांत कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व अन्य अधिकारीगण।